newsjankalyanseva@gmail.com www.jksnews.com

साप्ताहिक

जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - १० | २७ मार्च से २ अप्रैल २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय

संपादक सीमा गुप्ता

२४ का चुनावी दंगल

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने से बीजेपी के नेता बहुत ज्यादा उत्साहित है। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के बाद मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का पहले से ही असंसदीय आचरण रहा है, अहंकार इनका दिखता रहा है। क्या एक भी सही राय देने वाला कांग्रेस में नहीं बचा या जानबूझकर गलत सलाह दी गई। राहुल गांधी ने पहले ही अपने पार्टी का अध्यादेश फाड.दिया था आज उन्हीं की पार्टी में से किसी ने खेल कर दिया इन्हें पता नहीं चला। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी पर कोर्ट के ऑर्डर के बाद के बाद लिए गए एक्शन को लेकर पूरे विपक्ष एकजुट नजर आ रहा है। आमतौर पर राहुल गांधी की खिलाफत करने वाले विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस मसल पर बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज देश में जो चल रहा है, बहुत खत़रनाक है। विपक्ष को खत़्म करके ये लोग वन–नेशन वन–पार्टी का माहौल बनाना चाहते हैं, इसी को तो तानाशाही कहते हैं। मेरी देशवासियों से अपील है– हमें मिलकर आगे आना होगा, जनतंत्र बचाना है, देश बचाना है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि लोकसभा से राहुल गांधी का निष्कासन चौंकाने वाला है। देश बहुत कठिन दौर से गुजऱ रहा है। पूरे देश को इन्होंने डरा कर रखा हुआ है। १ ३ ० करोड.लोगों को इनकी अहंकारी सत्ता के खिल़ाफ.एकत्र होना होगा। आमतौर पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का विरोध करने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। टीएमसी चीफ ने कहा कि विपक्षी नेता अब भाजपा का मुख्य निशाना बन गए हैं। उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत में विपक्षी नेता भाजपा का मुख्य निशाना बन गए हैं। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले भाजपा नेताओं को कैबिनेट में शामिल किया जाता है और विपक्ष के नेताओं को उनके भाषण के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाता है। आज हम इसके गवाह बने हैं कि यह हमारे संवैधानिक लोकतंत्र के लिए न्यूनतम स्तर है। शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त किए जाने को लोकतंत्र की हत्या करार दिया और कहा कि यह तानाशाही के अंत की शुरुआत है। ठाकरे ने एक बयान में कहा कि चोर को चोर कहना अपराध बन गया है, जबकि देश को लूटने वाले बाहर हैं। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, यह निंदनीय है कि भाजपा अब आपराधिक मानहानि के जरिये विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और उन्हें अयोग्य ठहरवा रही है, जैसा अब राहुल गांधी के साथ हुआ है। विपक्ष के खिलाफ ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है। इस तरह के अधिनायकवादी प्रहार का प्रतिरोध किया जाए और इसे पराजित किया जाए। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे संघ परिवार की तरफ से देश के लोकतंत्र पर हिंसक हमला करार दिया। विजयन ने एक बयान में कहा कि जल्दबाजी में राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया जाना लोकतंत्र पर संघ परिवार की तरफ से हमले का नया अध्याय है। उन्होंने कहा, असहमति को ताकत के जरिये दबाना फासीवादी तरीका है।

नशिला पदार्थ खिलाकर लुटमारी गैंग सक्रीय

जेकेएस संवाददाता

मीरा–भाईंदर में जहरखुरानी गैंग के सक्रिय होने का मामला प्रकाश में आ रहा है। पिछले एक सप्ताह में जहरखुरानी के ३ मामले दर्ज हुए हैं। इस गैंग के शिकार वाहन चालक और ऑटो चालक हो रहे हैं। दो अलग–अलग मामलों में नयानगर और काशिमिरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली हैं। काशिमिरा पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई संदीप कदम ने वताया कि दोनों मामलों में आरोपी का हुलिया मिलता–जुलता है। दोनों पुलिस स्टेशन मिलकर जांच कर रहे हैं। जहरखुरानी गैंग के लोग पहले किसी ऑटो या वाहन में बैठ जाते हैं। इसके बाद ड्राइवर से दोस्ती कर लेते हैं। कुछ समय बाद किसी न किसी बहाने से ड्राइवर को कुछ नशीला पदार्थ खाने–पीने को देते हैं । जव व्यक्ति वेहोश हो जाता है, तो गैंग के लोग लूटकर फरार हो जाते हैं। एक दिन में दो ऑटो ड्राइवर लुटे १ ६ मार्च को वोरीवली और दहिसर के रहने वाले दो ऑटो ड्राइवर लुट गए। पहले मामले में ५ ० हजार रुपये की चेन और दूसरे मामले में ३ ० हजार की चेन व २,३ ६ ० रुपये नकद लेकर आरोपी फरार हो गए। दोनों मामलों में आरोपियों ने वोरोवली से मीरा–भाईंदर के लिए रिक्शा पकडा था। एक ड्राइवर को प्रसाद खिलाकर, दूसरे को जूस पिलाकर वेहोश किया था।

पती-पत्नी का विवाद पहुंचा कोर्ट में

हत्या से लेकर चोरी तक जुड़े तार, फिर भी नहीं मिला शीतल को इंसाफ

जेकेएस संवाददाता

मीरारोड : आज भी भारत देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है, उन पर कई वर्षों से जुल्म होता आया है और आज भी हो रहा है. ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया. मिरा रोड में रश्मि क्रिशटल साई कॉम्पलेक्स में रहने वाली शीतल सोनानी ने जनकल्याण सेवा के संवादाता को आपबीती बात बताई, की मेरी शादी अरुण लक्ष्मण सोनानी के साथ २००६ में दुसरी बार शादी हुई थी. उसके कुछ समय बाद शीतल का मंगलसुत्र चोरी हो गया था, उसकी शिकायत कनकिया पुलिस स्टेशन में की गई थी जिसके बाद कनकिया पुलिस ने अपने मेहनत से चोर को पकडा, और चोरी करने वाली शीतल की पडोसी विठ्ठल लाठिया की लडक़ी रिंकु विठ्ठल लाठिया थी, जिसके बाद पुलिस के मदद से शिलत को उसका मंगलसुत्र वापिस मिल गया. तबसे लगातार शीतल अपने पति के जुल्म सह रही है, आपको बता दे कि शादी के कुछ समय बाद ही जहां हर पति पत्नी खुशी से रहते है, वही शीतल पर उसके पति अरुण के दुखों का पहाड.टुट गया जब शादी के एक हफ्ते बाद ही अरुण ने नशे की हालात में शीतल पर हाथ उठाना शुरु कर दिया था. यह सब शीतल इसलिए सह रही थी क्योंकी वह अपनी दुसरी शादी को बचाना चाह रही थी.

इन सब के चलते शीतल के पेरो तले जमीन खिसक गई जब उसे २०१३ में यह पता चला कि उसके ससुर की लाश उसी के फार्म हाउस गाव डहाणू में खटिया से बंधी हुई मिली, जिसके बाद पुलिस ने छान–बिन कर केस को रफा दफा कर दिया, लेकिन शीतल को यह शक है कि उसके ससुर की हत्या उसके पति (अरूण) ने करवाई थी ऐसा शीतल ने हमको बताया है और साथ ही वो चाहती है कि इस केस को फिर से खोला जाएं और उनके ससुर का मर्डर केस निष्पक्ष तरह से जांच हो जहां पुलिस असली कातिल तक पहुंच सके. उसके सुसर का असली कातिल आज भी सरे आम घुम रहा है.

एक दिन जब शीतल के घर कोर्ट का नोटिस आया तो शीतल को पता चला की उसके पति (अरूण) ने कोर्ट में डाइवोर्स फाइल किया है, इससे पहले शीतल को इस बात की भनक तक नहीं पडी. वह कभी अपने पति से डाइवोर्स लेना ही नहीं चाहती थी पर उसपर डाइवोर्स को लेकर दबाव डाला जा रहा था, यह बात उसने कोर्ट में जज को भी बताया. जिसके बाद उन्हें मजबुरी में डाइवोर्स लेना पडा. शीतल की वकील शैलजा विजयन उनका केस लड.रही थी जोकी शीतल की ही सोसाइटी में ही रहती है. कुछ समय से शैलजा ने शीतल का फोन उठाना बंद कर दिया है. शीतल का ऐसा मानना है कि, फिस लेने के बावजुद भी की उसके पति (अरूण) के वजह से वह (शैलजा) उसका फोन नहीं उठा रही हैं. उस वकील से परेशान होकर शीतल ने दुसरे वकील ऐडगर ब्रिगेंझा के पास जा पहुंची जहां उन्होंने अपना केस उनको दिया, ब्रिगेंझा ने उनको आश्वासन दिया की कानुनी तौर पर उन्हें (शीतल) न्याय दिलाने में पुरी मदद करेंगे. उस समय जज भाटिया के **अंडर केस नं २२७/२०१४२०१७** में मिले डाइवोर्स केस में १५ लाख रुपये पास हुआ था, वो भी आज तक उनके पति द्वारा नहीं दिया गया. शीतल ने २०१४ में **४९८-छ** का केस दर्ज किया था, जिसकी आज तक कुोई सुनवाई नहीं हुई और पुलिस व कोर्ट से कोई जानकारी नहीं मिल रही है. २०१४ से लेकर २०२३ तक शीतल को इस केस को लेकर काफी परिशानी उठानी पड.रही है पर उन्हें कोई न्याय नहीं मिल रहा है.

ऐसे हुआ शीतल पर अत्यचार

शीतल के पति ने उन्हें जबरदस्ती घर से निकाला था जिसके बाद वह कई दिनों तक माइके न जाकर बिल्ड़िग में ही दुसरो के घरों में रहती रही, फिर जब यह मामला कोर्ट में जा पहुंचा तो कोर्ट ने **केस नं ९६/२०१५** के तहत शीतल को अपने घर में रहने के लिए फैसला सुनाया था, फिर भी शितल के पति ने उसको जबरदस्ती घर से निकाला और कोर्ट के आदेशों का उल्लघन किया. पति अरून, विठ्ठल व बाकी सोसाइटी वाले शीतल को अपने ही घर में नहीं रहने दे रहे है. इसके वजह से शीतल की लडाई अभी तक जारी की, कि कैसे कोर्ट के आदेशों के खिलाफ जाकर उनसे उनके घर की छत छिन गई है.

कोर्ट के आदेश के अनुसार शीतल अपने घर मिरा रोड में अपनी लडक़ी (१६ वर्ष) के साथ फ्लेट के एक रुम में रह रही थी, उस दौरान ३ नवंबर २०१८ में एक दिन सुबह ९ बजे अचानाक से ५ लोग घुसे थे उनके साथ बिल्डिंग का सेक्रिटरी गोर्धन कथिरिया भी था, जिसके बाद जब शीतल ने केस दर्ज करने गई थी, लेकिन नया नगर पुलिस स्टेशन में पुर्व नगर सेवक अनिल विरानी ने दबाव डाल कर शीतल की शिकायत दर्ज होनी नहीं दी ऐसा हमे शीतल ने बताया. अनिल विरानी शीतल के वॉर्ड का नगर सेवक है, उसने महिला की मदद के बजाए उनकी आवाज दबाने की कोशिश की.

इंडिया को छोडऩे पर मजबुर हुई शीतल

शीतल को आज भी धमकी भरे अलग–अलग नंबर से फोन आते है, जिसके चलते शीतल को डर है, उसका पति उन्हें और उसकी बेटी को मरवा सकते है. इसी डर के चलते शीतल ने इंडियो छोड.कैनेडा चली गई. २००६ से शुरू हुई शीतल की लडाई अभी तक जारी है.

कारखानों में बाल मजदूरी करवानेवाले कंपनी मालिकों पर मामला दर्ज

जेकेएस संवाददाता

भायंदर : बचपन सभी बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है जो माता–पिता के प्यार और देख–रेख में सभी को मिलना चाहिए,बाल मजदूरी जैसा गैरकानूनी कृत्य बच्चों को बडों की तरह जीने पर मजबूर करता है। इसके कारण बच्चों के जीवन में शारीरिक वृद्धि मस्तिष्क का अनुपयुक्त विकास, सहित कई सारी जरुरी चीजों की कमी हो जाती है लेकिन भायंदर उद्योग नगर में कंपनी मालिक । बच्चो से बाल मजदूरी करवाते है जिसकी सूचना अनेतिक मानवी वाहतुक शाखा को मिलने पर दो बाल मजदूरों को मुक्त करवा कर नवघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेतिक पुलिस निरीक्षक समीर अहिराव को सूत्रों से यह जानकारी मिली की भायंदर के उद्योग नगर स्थित कंपनियों में बाल मजदूरी करवाई जा रही है जिसकी पुष्ठि होने पर पुलिस ने बी के प्लास्टिक कंपनी पर छापा मारकर एक बाल मजदूर को मुक्त करवा कर कंपनी मालिक बेतुल्लाह सत्तार खान के विरुद्ध नवघर पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया उसी प्रकार से प्रिंस मेटल कंपनी में भी पुलिस ने छपारकर कंपनी मैनेजर जोखन मुन्नलाल प्रसाद तथा नाथूराम पुरोहित के खिलाफ नवघर पुलिस में सरकार की ओर से अश्विनी शहाजी भिलारे की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा ३७४,३४ बाल मजदूर अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त अपराध अविनाश अंबुरे तथा सहायक पुलिस उपायुक्त अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में अनेतिक मानवी वाहतुक कक्ष के पुलिस निरीक्षक समीर अहिराव तथा अनेतिक मानवी वाहतुक कक्ष के स्टाफ द्वारा की गई।

उत्तन में डंपिंग ग्राउंड मामले का होगा समाधान

डंपिंग के कचरे का बायो- माइनिंग पद्धति से होगा निपटारा, लोगों को मिलेगी राहत

जेकेएस संवाददाता

भाईंदर : उत्तन के रहिवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। उत्तन के लोग जल्द ही अच्छी और ताजी सांस ले सकेंगे। उत्तन डंपिंग ग्राउंड से उठने वाली दुर्गंध आने वाले समय में नियंत्रित हो जाएगी। मीरा–भाईंदर मनपा ने उत्तन डंपिंग ग्राउंड पर सालों से जमा हुए कचरे का 'वायो–माइनिंग' पद्धति से निपटारा करने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में मनपा ने ४०.६६ करोड.रुपये की निविदा भी जारी कर दी है। उम्मीद है कि इस खबर के बाद उत्तन के रहिवासी राहत की सांस लेंगे। मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने बताया कि सबसे पहले पुणे के एक इंजिनियर कॉलेज द्वारा कचरे

का 'क्वांटिटी वेरिफिकेशन' कराया गया। इस वक्त डंपिंग ग्राउंड पर लगभग ९ लाख मीट्रिक टन कचरा पडा हुआ है। निविदा के अनुसार, ठेकेदार को आगामी १२ महीने में (मॉनसून को छोडक़र) उक्त कचरे का 'बायो–माइनिंग' पद्धति से निपटारा करना है। बायो–माइनिंग प्रक्रिया में कचरे को बार– बार पलटा और कुरेदा जाता है। कुछ समय बाद इसमें बायो– एंजाइम का स्प्रे किया जाता है। इसके बाद कचरे का विघटन शुरू हो जाता है। इस प्रक्रिया में प्लास्टिक, कांच जैसे पदार्थों को निकाल लिया जाता है। एक समय के बाद इस कचरे से एक प्रकार की खाद प्राप्त होती है, जिससे मिट्टी को अधिक उपजाऊ बनाया जा सकता है। उतन डंपिंग ग्राउंड को हटाने की मांग कई वर्षों से हो रही है। आए दिन इस डंपिंग ग्राउंड में आग लगती रहती है। इससे आसपास धुआ फैल जाता है। इसके अलावा परिसर में दुगंध से वायु प्रदूषण और कचरे के रिसाव से मिट्टी प्रदूषित होती है। डंपिंग हमेशा से एक चुनावी मुद्दा भी रहा है। मीरा–भाईंदर के डंपिंग ग्राउंड के कचरे का निपटारा बायो–माइनिंग पद्धति से किए जाने का फैसला बहुत अच्छा है। इसे जल्द अमली जामा पहनाया जाना चाहिए और यह फैसला मुंबई व आसपास के शहरों के डंपिंग ग्राउंड के लिए भी लिया जाना चाहिए। डंपिंग ग्राउंड के आसपास रहने वाले लोगों की सेहत हमेशा दांव पर लगी रहती है। देखा गया है कि यहां सांस से संबंधित बीमारियां बढ.जाती हैं। बायो–माइनिंग पद्धति से परेशानी तो हल होगी ही, खाद भी मिल सकेगी।

स्विस ओपन २०२३ : सिंधु ने किया निराश

हिंदुस्थान की दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु स्विस ओपन २०२३ के दूसरे दौर से ही बाहर हो गई हैं। फोर्थ सीडेड सिंधु को इंडोनेशिया की नॉन सीड प्लेयर कुसुमा वारदानी ने प्री क्वार्टर फाइनल में मात दी। इस टूर्नामेंट को पिछले साल जीतनेवाली पीवी सिंधु इस बार दूसरे राउंड से ही बाहर हो गईं। खास बात यह रही कि पीवी सिंधु को ३८वीं रैंकिंग की कुसुमा ने १५-२१, २१-१२, १८-२१ से मात देते हुए बड़ा उलटफेर किया है। इस हार के साथ सिंधु २४५४ दिनों के बाद यानी ४ जुलाई २०१६ के बाद अब टॉप १० से बाहर हो गई हैं। पीवी सिंधु पहली बार इंडोनेशिया की कुसुमा वारदानी के खिलाफ उतरी थीं। पहले राउंड में सिंधु ने स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टैडेलमैन को आसानी से २१-९ २१-१६ से हराकर प्री क्वार्टर में जगह बनाई थी। पर यहां वह इंडोनेशियाई चुनौती से नहीं निपट सकीं। सिंधु के अलावा प्रणॉय ने भी काफी निराश किया है। वर्ल्ड नंबर ९ और पांचवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणॉय प्रॉंस के क्रिस्टो पोपोव से २१-८, २१-८ से हार गए। प्रणॉय ने भी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए चीन के ऑल इंग्लैंड ओपन फाइनलिस्ट शि यू क्यूई को हराया था लेकिन दूसरे राउंड की बाधा उनसे भी पार नहीं हुई। वहीं किदांबी श्रीकांत को हांगकांग के चेउक यिउ ली से २२-२०, २१-१७ से हार का सामना करना पड़ा। पीवी सिंधु ने पिछले साल थाइलैंड की बुसानन को हराकर स्विस ओपन २०२२ का खिताब अपने नाम किया था। पर इस बार उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने लंबे समय के बाद कोर्ट पर वापसी की थी। हाल ही में उनके कोरियाई कोच से भी अलग होने की खबरें आई थीं। इस टूर्नामेंट में सिंधु ओलिंपिक मेडल जितानेवाले कोच पार्क टाय सांग के बिना ही उतरी थीं। उनके लिए वापसी के बाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। अब देखना होगा कि वह आगामी दिनों में किस तरह वापसी कर पाती हैं।

मीठी नदी सफाई के ठेके में फर्जीवाड़ा, २५० करोड़ के टेंडर में फर्जी दस्तावेज !

मुंबई : मुंबई मनपा की ओर से मीठी नदी व नाले की सफाई के लिए दिए गए २५० करोड़ रुपए के ठेके को लेकर कल विधान परिषद में जमकर बहस हुई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष के सदस्य अनिल परब ने राज्य सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के लोगों पर रात के बारह बजे भी मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जबकि सरकार खुद मान रही है कि मीठी नदी की सफाई के लिए जिस मेनदीप इंटरप्राइजेज कंपनी को ठेका दिया गया है, उसमें अनियमितता हुई है तो उस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। मामला बढ़ता देख आखिरकार राज्य सरकार ने उक्त कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करने का आश्वासन दिया है। शिवसेना के आमश्या पाडवी ने इस संबंध में ध्यानाकर्षण सूचना के तहत मुद्दा उठाया था। इसे लेकर अनिल परब ने उद्योग मंत्री उदय सामंत को जमकर आड़े हाथों लिया। अनिल परब ने सदन में आरोप लगाया कि मुंबई मनपा में विभिन्न कार्यों में अनियमितता बरतने के आरोप में मेनदीप इंटरप्राइजेज को काली सूची में डाला गया है। कंपनी को वर्ष २०१८ में बांद्रा के महबूब स्टूडियो जंक्शन के पास किए गए सड़क के खराब काम में ब्लैक लिस्ट किया गया था। बावजूद इसके कंपनी

को मीठी नदी की सफाई का २५० करोड़ रुपए का ठेका दिया गया और उसके लिए एक नीदरलैंड की कंपनी से फर्जी गारंटी ली गई। मंत्री उदय सामंत ने माना कि इस काम में गड़बड़ी की शिकायत के बाद मनपा प्रशासन ने रिपोर्ट दी थी कि संबंधित कंपनी ने फर्जी दस्तावेज जमा कराए हैं। हालांकि, कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करने के मामले में कोई सकारात्मक जवाब सामंत ने नहीं दिया। इस पर अनिल परब भड़क गए। अनिल परब ने आरोप लगाया कि २५० करोड़ रुपए के घोटाले के बावजूद सरकार अधिकारियों और ब्लैक लिस्टड फर्जी कंपनी को बचा रही है। एक तरफ मंत्री मान रहे हैं कि फर्जी दस्तावेज जमा किए गए हैं तो सरकार केस दर्ज करने को तैयार क्यों नहीं है। नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे, विधायक अभिजीत वंजारी ने परब के इस आक्रामक रुख का समर्थन किया और सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए। हालांकि, सामंत बार-बार यही कहते रहे कि जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। आखिरकार मामले को बढ़ता देख उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अगर दस्तावेज फर्जी हैं तो इस कंपनी के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज किया जाएगा।

निजी स्कूलों की कसेगी नकेल ! फीस तय करने के लिए होगी समिति का गठन

मुंबई : राज्य के निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए सरकार विशेषज्ञों की समिति बनाएगी, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर तय किया जाएगा कि वे कितनी फीस वसूल कर सकते हैं। यह जानकारी कल विधानसभा में स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने दी। फिलहाल, स्कूलों के प्रतिनिधियों और अभिभावकों के बीच आपसी विचार-विमर्श के बाद यह फैसला किया जाता है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान राकांपा के राजेश टोपे, रोहित पवार, विपक्ष के नेता अजीत पवार ने पुणे के वाघोली में स्थित २द लैक्सीकॉन इंटरनेशनल स्कूल में २०० विद्यार्थियों को फीस न भरने के चलते एक कमरे में बिठाकर रखने और अभिभावकों के आने के बाद उन्हें छोड़ने से जुड़ा सवाल पूछा था, जिसके जवाब में शिक्षा मंत्री केसरकर ने बताया कि लोणीकंद पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था लेकिन कोई अभिभावक बयान दर्ज कराने नहीं आया, इसलिए पुलिस ने जांच बंद कर दी। मंत्री केसरकर ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी घटना नहीं होने दी जाएगी। इसके साथ ही एक सवाल के जवाब में केसरकर ने यह भी कहा कि बिजली विभाग को निर्देश दिए जाएंगे कि वे राज्य के सरकारी स्कूलों और संस्थाओं की बिजली न काटे। सरकार इस परेशानी से बचने के लिए स्कूलों को सौर ऊर्जा से चलाने पर भी जोर दे रही है। कांग्रेस विधायक अशोक चव्हाण, विपक्ष के नेता अजीत पवार आदि के सवाल के जवाब में मंत्री केसरकर ने कहा कि स्कूलों की बिजली काटे जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस बाबत मंत्रिमंडल में चर्चा कर स्थायी हल निकाला जाएगा।

आईएसएसएफ विश्वकप निशानेबाजी चैंपियनशिप : रुद्रांक्ष ने जीता ब्रॉन्ज :भारत ने जीते कुल ५ मेडल

हिंदुस्थान के रूद्रांक्ष पाटील ने भोपाल में आईएसएसएफ विश्वकप निशानेबाजी चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुरुषों की दस मीटर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। चीन के शेंग लिहाओ ने इस स्पर्धा में स्वर्ण और चीन के ही डू लिंशू ने रजत पदक जीता है। दूसरी ओर १० मीटर एयर राइफल कांप्टीशन फाइनल में भारत की और टॉप ८ में हृदह हजारिका और रुद्रांक्ष पाटील शामिल हुए थे। इस दौरान रुद्रांक्ष के फाइनल पाइंट्स २६२.२ रहे। इसके अलावा चीन के शेंग लिहाओ ने गोल्ड और डू लिंशु सिल्वर मेडल हासिल किया। रुद्रांक्ष पाटील ने मैच के बाद बताया कि यह एक ऐसा फाइनल था जब मेरे हाथ कांप रहे थे और मेरी हार्ट बीट भी बहुत बढ़ गई थी अगर इसको मापने वाला कोई यंत्र होता तो शायद मेरी हार्ट बीट २०० हो चुकी होती। इस बीच मैंने अपने आप को बहुत स्थिर रखने की कोशिश की और खेल पर फोकस किया। वर्ल्ड कप में भारत के मेडल की संख्या ५ हो गई है, जिसमें १ गोल्ड, १ सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। १० मीटर एयर राइफल वुमन के क्वालिफाइंग राउंड और २५ मीटर पिस्टल वुमन इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड भी आयोजित किए जाएंगे। इन राउंड्स में कुल ५२ खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें से १० भारतीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

महिला ने बचाई तीन जिंदगियां ! मस्तिष्क रोग से हो गया था ब्रेन डेड

मुंबई : कई मस्तिष्क संबंधी विकार और सेरेब्रल एडेमा से पीड़ित महिला को चिकित्सकों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। मस्तिष्क रोगों से दम निकलने के बाद भी इस महिला ने किडनी और लीवर दान कर तीन लोगों की जिंदगियां बचाई हैं। उस महिला के अंगदान से मुंबई में इस साल ८वां अंगदान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, उरण निवासी ३७ वर्षीय महिला कई ब्रेन इंफैक्ट्र्स और सेरेब्रल एडेमा के साथ मैनिंजायटीस से पीड़ित थी। इस महिला का मुलुंड के फोर्टिस अस्पताल में एक सप्ताह से इलाज चल रहा था। हालांकि, उपचार के दौरान उसकी सेहत दिन-ब-दिन बिगड़ती चली गई। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। मरीज को ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद उसके परिवार की काउंसलिंग की गई, जिसके बाद उसके पति और भाई-बहन महिला के अंगों को दान करने के लिए तैयार हो गए। मरीज के परिवार में उसका पति, एक तीन साल का बेटा और नौ साल की बेटी है।

२५ साल पहले हुए मर्डर का बदला लेने के लिए मुंबई में बिल्डर की हत्या, २५ लाख रुपये देकर बिहार से बुलाए शूटर्स

जेकेएस संवाददाता

मुंबई: नेरुल सेक्टर ६ में पिछले सप्ताह एक बिल्डर की बाइक सवार दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में नवी मुंबई पुलिस ने बिहार के तीन शूटरों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले का मुख्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे ने बताया कि मुख्य आरोपी ने अपने रिश्तेदार की हत्या का बदला लेने के लिए बिल्डर सावजी पटेल की हत्या कराई है। उसने बिहार के शूटर्स को २५ लाख रुपये की सुपारी दी थी। पिछले महीने भी आरोपियों ने गुजरात में बिल्डर पटेल को मारने का प्लान बनाया था, लेकिन सफल नहीं हुए। पुलिस आयुक्त ने बताया कि बेलापुर में रहनेवाले बिल्डर सावजी पटेल (५० वर्ष) की हत्या के

आरोप में गुजरात से मेहेक जयरामभाई नारीया (२८), बिहार के खगरिया निवासी शूटर कौशल कुमार विजेंदर यादव (१८), गौरवकुमार विकास यादव (२४) और सोनूकुमार विजेंदर यादव (२३) को गिरफ्तार किया गया है। सावजी पटेल पिछले सप्ताह बुधवार को नेरुल के अंबिका दर्शन सोसाइटी आए थे। लगभग पांच बजे जब वह अपनी कार में सवार होकर वापस लौट रहे थे, उसी समय मोटरसाइकल सवार दो अज्ञात लोगों ने उन पर फायरिंग कर दिया। पटेल को चार गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौत हो गई। नेरुल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से दोपहिया के नंबर के आधार पर पुलिस ने मेहेक जयरामभाई नारीया को राजकोट (गुजरात) से गिरफ्तार कर लिया। नारीया ने पुलिस को बताया कि सावजी पटेल ने वर्ष १९९८ में बच्चू भाई पटनी की हत्या कर दी थी। वर्ष २००२ में उसके रिश्तेदारों के साथ मारपीट की घटना में भी पटेल शामिल था। इसका बदला लेने के लिए बिहार के शूटर्स को २५ लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। इस जानकारी के आधार पर तुर्भे एमआईडीसी पुलिस के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक रविंद्र दौंडकर, पुलिस निरीक्षक महेश पाटील (प्रशासन), एपीआई सचिन ढगे, एपीआई महेश शिरूरकर की टीम बिहार के खगरिया जिले पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से इस घटना में शामिल तीन शूटर्स को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है।

गोल्डन ब्वॉय के ठुमके

मुंबई में बीती रात इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स के चौथे एडिशन में टीम इंडिया के खिलाड़ी और बॉलीवुड सितारों का जमघट देखने को मिला। इसमें टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपनी स्टार पत्नी अनुष्का शर्मा संग शिरकत किए। खेल जगत से कई बड़ी हस्तियां इस इवेंट में सहभागी हुई थीं। वहीं रणवीर सिंह अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण और पूर्व खिलाड़ी व ससुर प्रकाश पादुकोण इस इवेंट में पहुंचे थे। इसमें से एक जैवलीन थ्रो में हिंदुस्थान को पहली बार गोल्ड मेडल दिलानेवाले गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा भी शामिल थे। इस इवेंट में सितारों और खिलाड़ियों ने जमकर मस्ती भी की थी, अब इस इवेंट से एक शानदार वीडियो सामने आया है जिसमें गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा अपने हरियाणवी अंदाज में सॉन्ग-बिजली-बिजली पर जमकर ठुमके लगाते दिखे। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नीरज सूटबूट में हैं और कोट उतारकर सॉन्ग बिजली बिजली गाने पर हरियाणवी स्वैग में नाच रहे हैं। नीरज चोपड़ा अपने इसी देसी अंदाज से मशहूर हैं वहीं अब नीरज के फैंस उनके इस वीडियो पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि बॉलीवुड स्टार्स से अच्छा नाचे हैं।

Ghar Estate
The Real Solution
Buy Sell Rent
Flats
Shops
Bungalows
Plots
Kishor Sharma
Sushil
Rajhans
9821542469
9322603964
9870282083
0/5, A-8, SHANTI VIHAR, NR.
RLY. STATION, MIRA ROAD (E),
THANE - 401 107

Dr. Anuj Garg
Medical Director
General Physician & Surgeon
Reg. No.: 73067-A-1
Priyanshi Hospital & Maternity
9867086618 / 9322086618
anujgarg.priyanshi@gmail.com
B-004, Sai Vikas Apartment,
Opp. New Petrol Pump, Sai Baba Nagar,
Mira Road (E), Thane - 401107.
Facilities
• Surgery
• Plastic Surgery
• Laproscopic Surgery
• Medicine Cardiology
• Gynaecologist & Obstetrics
• Orthopedic
• Child Specialist
• Cardiac Monitor, Oxygen
• Pathology
Emergency 24 Hours

॥ श्री गणेशाय नमः ॥
MOB: 9224789797
शिखरे फुट वेअर
GENTS, LADIES, KIDS & SCHOOL SHOES
S.04, Jay Poonam Nagar CHSL., Bhd. Deepak Hospital, Mira Bhayander Road, Mira Road (E).
Shikhare Foot Wear

Mohammed Tariq A.Q. Khan
CLASSIC
9820461267
9820661267
HOUSING
Add.: Shop No. 4, B/66, Sector 1,
Shanti Nagar, Opp. TMT Bus Stop,
Mira Road (E) - 401107.
classichousin@gmail.com

UMESH
9870282073
OM SAINATH
AUTO DEAL
BUYING & SELLING OF NEW & USED
CARS VECHILE LOAN- INSURANCE
SHOP NO.3, SAI KRUPA BLDG., NEAR
PLEASANT PARK, MIRA BHAYANDER ROAD
MIRA ROAD (E), THANE - 401 107.

7400165657
DR. NIKITA GUPTA TEVAR
(MBBS, MD, DDV)
CONSULTANT SKIN SPECIALIST,
HAIR SPECIALIST, COSMETOLOGIST
Shop No. 7 & 8, RNA Courtyard,
Sec 8, Shanti Nagar,
Mira Road (E), Thane - 401107
skinwiseclinic1@gmail.com

Mrs. Asha Ramesh Kohale
Cell : 9833583319
9869571122
A51700024751
OM SAI
ESTATE AGENCY
Contact for Buying, Selling, L.L. Basis of :
FLATS, SHOPS, OFFICE PREMISES
Shop No. 11, Shree Shraddha CHS. Ltd., MIG Bldg. No. 2,
MHADA Complex, Srishti, Mira Road (E), Dist. Thane-401107.

Dr. Ajay L. Dubey
Proprietor
© 99671 19955
91671 19955
KESHAV ESTATE
CONSULTANTS
Our Moto : We Work to Fullfil Your Dream

ताली पर काम जारी

खूबसूरत एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने पैंस को बताया था कि वे हार्ट अटैक का सामना कर खुद को फिट करने में लगी हैं। इस दौरान सुष्मिता ने खुद का और अपनी डाइट का अच्छे से ध्यान रखा और धीरे-धीरे उनकी रिकवरी हो रही है। अब एक्ट्रेस एक बार फिर काम पर लौट चुकी हैं। दरअसल, एक्ट्रेस को गुरुवार रात मुंबई में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। एक्ट्रेस ने इस दौरान पैपराजी के लिए स्माइल के साथ जमकर पोज भी दिए। सुष्मिता फिलहाल वेब सीरीज आर्या और फिल्म ताली की शूटिंग में बिजी हैं। ताली ट्रांसवुमन गौरी सावंत की बायोपिक है और इसमें सुष्मिता सेन लीड रोल में हैं। खैर, सुष्मिता सेन को इसी प्रोजेक्ट के लिए एक डबिंग स्टूडियो में स्पॉट किया गया था।

जोड़ी का चला जादू

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं। अनुष्का की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। ऐसा बहुत कम बार ही होता है जब विराट कोहली और अनुष्का दोनों एक साथ किसी इवेंट पर साथ-साथ नजर आते हों, लेकिन यह जोड़ी जब भी साथ आती है पैंस पर जादू जरूर चलाती है। दरअसल, हाल ही में दोनों एक इवेंट में नजर आए। इस तस्वीर में अनुष्का एकदम अलग ड्रेस में दिखाई दीं। इस मौके पर दोनों बाहों में बाहें डाले रोमांटिक पोज देते हुए नजर आए। हालांकि, इस जोड़ी के साथ उनकी क्यूट सी बेटी वामिका कहीं नजर नहीं आई।



फिर छाई गंगूबाई

अपनी बेहतरीन अदायगी से पिछले कई अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाने वाली बॉलीवुड की ॐगंगूबाई यानी आलिया भट्ट बॉलीवुड लाइफ डॉट कॉम अवॉर्ड्स में भी छाई रहीं। बता दें कि यह अवॉर्ड्स हर साल की तरह २०२३ में भी छाया हुआ है। इस साल भी बॉलीवुड लाइफ डॉट कॉम अवॉर्ड्स ने मनोरंजन जगत के स्टार्स को सम्मानित किया है। टीवी से लेकर बॉलीवुड तक के स्टार्स को अवॉर्ड्स मिले। इसके अलावा भोजपुरी और साउथ की वैंटेगरी में इन स्टार्स को भी नवाजा गया। जहां एक ओर बेस्ट एक्ट्रेस के लिए आलिया को सम्मानित किया गया, वहीं मेल एक्टर की वैंटेगरी में कार्तिक आर्यन को अवॉर्ड दिया गया।

नाकाबिल से तंग आ गए थे नवाब

पटौदी खानदान के नवाब सैफ अली खान का फिल्मी करियर भले ही कुछ खास न रहा हो लेकिन अपनी निजी लाइफ को लेकर वे हमेशा सुर्खियां बटोरते रहे हैं। फिर चाहे वो अमृता सिंह से तलाक की बात हो या फिर अपने से १२ साल छोटी करीना कपूर से शादी की बात हो। सैफ अली खान ने हमेशा ही लाइमलाइट लूटी है। कहा जाता है कि सैफ अली और अमृता सिंह के बीच अनबन तो शुरुआत से ही थी। इसके बावजूद दोनों का रिश्ता १२ वर्षों तक चला और २००४ में अचानक दोनों के अलग होने की खबरें सामने आईं। काफी लंबे समय बाद सैफ अली खान ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि अमृता उन्हें हमेशा नाकाबिल कहती रहती थीं। ऐसा बताया जाता है कि अमृता ने सैफ की मां और बहन का भी अपमान किया। यही वजह है कि दोनों का रिश्ता ज्यादा समय तक टिक नहीं पाया और दोनों अलग हो गए। अब अपनी-अपनी लाइफ में दोनों खुश हैं। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद सैफ ने २०१२ में करीना से शादी कर ली। आज उनकी जिंदगी में तैमूर और जेह हैं। हालांकि, वे सारा और इब्राहिम के लिए उतना ही समय निकालते हैं, जितना तैमूर और जेह के निकालते हैं।

शर्म नहीं आती तापसी

अक्सर अपने बयानों को लेकर लाइमलाइट में रहनेवाली एक्ट्रेस तापसी पन्नू एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। इस बार वे अपने बयानों को लेकर नहीं, बल्कि पहनावे को लेकर खबरों में हैं। दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस लक्मे फैशन वीक में वॉक करती नजर आईं। लाल कलर की ड्रेस में वे बेहद खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन उन्होंने जो ज्वेलरी पहनी थी वो दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई और यही वजह है कि लोग अब उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने डीप नेक बोल्ड गाउन के साथ जो एक्सेसरी पहनी थी। एक्ट्रेस ने इस बोल्ड आउटफिट के साथ हिंदू धर्म की देवी लक्ष्मी की प्रतिमा वाला हैवी नेकलेस पहना हुआ था। लोगों को इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस का नेकलेस चुनाव बिल्कुल भी पसंद नहीं आया। इसी वजह से तापसी को सोशल मीडिया पर जमकर लताड़ लगाई जा रही है। कुछ लोगों ने यो उन्हें यहां तक कह दिया कि ॐक्या आपको शर्म नहीं आती ?   वहीं दूसरे अन्य ने लिखा है, ३ऐसी वल्गर ड्रेस में मां लक्ष्मी का हार पहना है, शर्म नहीं आती।

वहम ने बनाया वहशी ! चाकू लेकर पड़ोसियों पर टूटा, २ की मौत, ३ घायल

जेकेएस संवाददाता

मुंबई : वहम के कारण वहशी बने एक ५४ वर्षीय शख्स ने अपनी हरकत से कल पूरी मुंबई को दहला दिया। पारिवारिक कलह के कारण अलग रह रहे बीवी बच्चों को भड़काने के शक में वह अपने पड़ोसियों पर चाकू लेकर टूट पड़ा। इस घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। घटना दक्षिण मुंबई के डीबी मार्ग पुलिस थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। बता दें कि दक्षिण मुंबई के ग्रांट रोड स्थित पार्वती मेंशन में कल उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब इमारत में रहनेवाला एक ५४ वर्षीय शख्स अचानक धारदार चाकू लेकर इमारत में रहनेवाले लोगों पर हमला करने लगा। बताया जा रहा है कि करीब ५ लोगों को घायल करने के बाद वह अपने घर में जाकर छिप गया। आरोपी की पहचान चेतन गाला के रूप में सामने आई है। उसके हमले में घायल दो लोगों को नायर अस्पताल जबकि ३ को एच.एन. रिलायंस अस्पताल में ले जाया गया, जिनमें से दो लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। हमले में मारे गए पड़ोसियों की पहचान जयेंद्र मिस्त्री और ईला मिस्त्री के रूप में हुई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दोनों पर चाकू से करीब १५ से अधिक वार किए जाने की जानकारी सामने आई है। गंभीर रूप से घायल स्नेहल ब्रह्मभट्ट, जैनील ब्रह्मभट्ट और प्रकाश वाघमारे नामक तीन अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जोन-२ के डीसीपी अभिनव देशमुख ने पत्रकारों को बताया कि पारिवारिक कलह के कारण आरोपी की बीवी और बच्चे दो महीने से उससे अलग रह रहे थे। आरोपी को लगता था कि पड़ोस में रहनेवाले लोगों ने उसके बीवी-बच्चों को भड़काकर उससे अलग किया है। इसलिए वह पड़ोसियों को दोषी मानकर उन्हें सजा देना चाहता था। उसी मनोदशा के कारण कल दोपहर में करीब साढ़े ३ बजे उसने पड़ोसियों पर अचानक हमला किया था। मौके पर पहुंची डीबी मार्ग की पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आईपीसी की धारा ३०७ और ३०२ के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है। फोर्टीज अस्पताल के न्यूरो सर्जन, डॉ. चंद्रकांत तिवारी का कहना है कि डिलीजन ऑफ पर्सिनेशन एवं डिलीजन ऑफ ग्रांडिया से ग्रस्त लोग समय पर और उचित इलाज नहीं मिलने पर अक्सर आक्रामक हो जाते हैं और इसके परिणाम ऐसी वारदातों के रूप में सामने आते हैं। डिलीजन ऑफ पर्सिनेशन के रोगियों को ऐसा भ्रम हो जाता है कि लोग उन्हें बेवजह प्रताड़ित कर रहे हैं, जबकि डिलीजन ऑफ ग्रांडिया के मामले में रोगी खुद को बेहद महत्वपूर्ण समझने लगता है। उसे लगता है कि लोग उससे द्वेष रख रहे हैं। उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं तथा उसकी हत्या कर सकते हैं। ऐसे में आत्मरक्षा के भ्रम में आक्रामक हुआ रोगी खुद ही दूसरों पर हमला करने लगता है।



जिद पर अडा रेल प्रशासन बांद्रा टर्मिनस पर फिर शुरू होगा टोल का झोल! चल रही है वसूली शुरू करने की तैयारी

मुंबई : पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनने वाली हाइवे जैसे प्रमुख सड़कों, बड़े ब्रिज, सुरंग आदि के रखरखाव व लागत वसूली के लिए टोल वसूली का प्रावधान सरकार ने किया है। लेकिन जनता के उग्र विरोध के बाद बांद्रा टर्मिनस पर बंद की गई अवैध टोल वसूली जल्द ही फिर से शुरू हो सकती है। वो भी ऐसे समय में जब केंद्र सरकार हाइवे से टोल बूथों को हटाने की तैयारी कर रही है। रेलवे प्रशासन की मदद से टोल ठेकेदार के लोग बांद्रा टर्मिनस पर इसकी तैयारियों में जोर शोर से जुटे हैं। सफर शुरू करने के लिए वाहनों में आनेवाले यात्रियों से टर्मिनस में प्रवेश करने के पहले वसूले जाने वाले उक्त टोल टैक्स का रेल यात्री एवं स्थानीय लोग भी उग्र विरोध कर रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन वसूली जारी रखने की अपनी जिद पर अड़ा है। बता दें कि लगभग ३० साल पुराने बांद्रा टर्मिनस पर करीब महीने भर पहले टोल वसूली शुरू की गई थी। बांद्रा टर्मिनस की मुख्य इमारत से दक्षिण में करीब ५०० मीटर दूर तथा उत्तर में पार्सल ऑफिस के पास करीब २०० मीटर की दूरी पर टोल बूथ बनाए गए हैं। बताया जा रहा है कि इन टोल बूथों से अंदर प्रवेश करने पर यात्रियों से ३० रुपए टोल के रूप में वसूले जा रहे थे। गौरतलब हो कि बांद्रा टर्मिनस पर पार्किंग ठेकेदार को ७६३ वर्ग मीटर का क्षेत्र रेलवे ने पार्किंग शुल्क वसूली के लिए दिया है। बताया जा रहा है कि इसके लिए ठेकेदार द्वारा रेलवे को प्रति वर्ष करीब ४४ लाख रुपए का भुगतान करने का करार हुआ है। दोपहर का सामना द्वारा पूछे जाने पर ठेकेदार को पार्किंग का ठेका दिए जाने की बात पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमीत ठाकुर ने भी स्वीकार की। जबकि बांद्रा टर्मिनस के एक अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार को लागत वसूली के लिए पार्किंग शुल्क के साथ टोल टैक्स वसूलने की अनुमति भी दी गई है। बांद्रा टर्मिनस के संबंधित अधिकारी टैक्सी, ऑटो रिक्शा चालकों पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हैं और कहते हैं कि ५ मिनट में यात्रियों को उतारकर वापस लौटने वाले वाहन चालकों को टोल का पैसा वापस देने का प्रावधान रखा गया है। जबकि दूसरी ओर टैक्सी चालकों का कहना है कि वाहन चालकों के लिए टोल बूथ से मुख्य इमारत तक पहुंचना और सामान के साथ आए यात्रियों को उतार कर वापस टोल बूथ तक पहुंचना ५ मिनट में संभव ही नहीं है। टैक्सी, ऑटो रिक्शा चालकों को रेलवे प्रशासन के इस कदम से अपनी रोजी-रोटी खतरे में पड़ती नजर आ रही है। टैक्सी, ऑटो-रिक्शाचालकों एवं रेल यात्रियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में बांद्रा टर्मिनस रोड से आवाजाही करने वाले स्थानीय लोग भी पुरानी सड़क पर टोल वसूली को नाजायज बताते हुए विरोध कर रहे हैं। ८ मार्च को बांद्रा टर्मिनस पर स्टेशन डायरेक्टर कार्यालय में अपना विरोध दर्ज कराने पहुंचे स्थानीय लोगों का टोल कर्मियों से झगडा हो गया था। ऐन मौके पर पहुंचे निर्मल नगर पुलिस के अधिकारियों ने अवैध टोल वसूली बंद कराकर मामला शांत कराया था। इसके अलावा १३ मार्च को मुंबई टैक्सी मेन्स यूनियन की ओर से बांद्रा टर्मिनस पर उग्र आंदोलन किया गया था। इसी तरह २० मार्च को पार्विंग कर्मियों और रेल यात्रियों के बीच मारपीट हुई थी। टैक्सी-रिक्शा चालकों से टोल वसूली के विरोध में मुंबई टैक्सी मेन्स यूनियन ने पश्चिम रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिख उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पालघर में पानी के लिए दर-दर भटकते लोग, दस गांवों में सप्लाई के लिए सिर्फ चार टैंकर, कागजों में सिमटीं योजनाएं

पालघर : पालघर जिले में यों तो पानी का संकट पहले से ही है, लेकिन गर्मियों के दिनों में यह और अधिक बढ. जाता है। यहां यह बडा चुनावी मुद्दा होता है। ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी पानी को लेकर ही चुनाव लडते और जीतते आ रहे हैं। लेकिन यहां आजतक पानी की समस्या का हल नहीं निकल सका है। आज भी ग्रामीणों को दो से तीन किमी दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। पालघर जिले में गर्मी और उमस के बीच पानी की समस्या से बढ.गई है। यहां के कुएं,नदी, तालाब सूख गए हैं। जानकारी के अनुसार पालघर जिले के डहाणू, तलासरी, मोखाडा, जव्हार, विक्रमगड, वाडा, कासा, मनोर आदि जगहों पर फरवरी से पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। गर्मी में यहां के कुएं,नदी, तालाब, झरने सब सूख जाते हैं। ग्रामीणों की सुविधा के लिए केंद्र सरकार ने जल-जीवन मिशन की 'हर घर जल, हर घर नल' योजना शुरू की थी। ताकि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। लेकिन सरकार की इस योजना से पालघर के ग्रामीण बहुत दूर हैं। यहां के ग्रामीणों के लिए लाई गई योजना सिर्फ कागजों में ही सिमट गई है। मोखाडा तालुका के सावर्डे गांव के उप सरपंच हनुमंत पादिर ने कहा कि यहां के दस गांवों में सिर्फ चार टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसमे आधे ही लोगों को पानी मिल पा रहा है। आने वाले दिनों में यहां पानी का संकट और गंभीर हो जाएगा। पादिर ने कहा कि सुबह उठते ही गांव की महिलाएं,बच्चे, बुजुर्ग पानी के लिए दो से तीन किमी दूर निकल जाते हैं। अधिकारियों व ठेकेदारों की लापरवाही से यहां के ग्रामीण सरकारी योजनाओं से दूर हैं।

फिल्मी स्टाइल में फर्जी रेड करने वाले ३ जीएसटी अधिकारी बर्खास्त

मुंबई: महाराष्ट्र जीएसटी कार्यालय में काम करने वाले तीन इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को वरिष्ठ अफसर राजीव मित्तल ने डिसमिस(बर्खास्त) कर दिया है। दरअसल मित्तल को यह जानकारी मिली थी कि यह इंस्पेक्टर फर्जी रेड में शामिल थे साथ ही इन लोगों ने एक ट्रेडर से ११ लाख रुपये भी लिए थे। बर्खास्तगी की इस कार्रवाई का बाकायदा अखबार में विज्ञापन भी दिया गया है। महाराष्ट्र के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक किसी अधिकारी को बर्खास्त कर उसकी जानकारी विज्ञापन के जरिये लोगों को दी गई हो। राजीव मित्तल ने बताया कि तीनों ही अधिकारियों के खिलाफ सभी कानूनी और कागजी कार्रवाइयों के बाद तत्काल प्रभाव से उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। फिलहाल तीनों अफसरों के खिलाफ पुलिस की जांच शुरू रहेगी। मित्तल ने बताया कि हमारी तरफ से हमने एक डिपार्टमेंटल जांच शुरू की थी। उन्हें शो कॉज नोटिस दिया था। तमाम जांच पड़ताल के बाद यह तय हुआ की विभाग की छवि को दागदार होने से बचाने के लिए उन्हें बर्खास्त कर दिया जाये। इस मामले में बर्खास्त किये गए तीनों अधिकारियों के नाम हितेश वसईकर, मच्छिंद्र कांगने और प्रकाश शेगर है। तीनों ने मुंबई के एक नामी ट्रेडर के यहाँ पर फर्जी रेड डाली और बाद में उससे ११ लाख रुपये की रिश्वत लेकर वहां से गए। इस मामले में एलटी मार्ग पुलिस स्टेशन ने १७ सितम्बर २०२१ को तीनों जीएसटी अफसरों और एक अन्य आदमी को एक्सटॉर्शन और चीटिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। तीनों अधिकारियों ने १४ जून २०२१ को कालबादेवी के एक ट्रेडर के ऑफिस का निरीक्षण किया था। यह अधिकारी लालचंद वाणीगोता नाम के व्यापारी के ऑफिस में यह खाकर घुसे कि वो जीएसटी अधिकारी हैं। जिसके बाद इन अधिकारियों ने व्यापारी से कहा कि ऑफिस में जितना भी कैश है उसके टेबल पर हमारे सामने रख दो। उनके आदेश के मुताबिक ऑफिस स्टाफ ने ३० लाख रूपये उनके सामने रखे।

दूध मिलावटखोरों पर गिरेगी गाज

मुंबई : महाराष्ट्र में पडोसी राज्य गुजरात से बड़े पैमाने पर मिलावटी दूध और दुग्धनिर्मित पदार्थ आ रहे हैं। मुंबई, ठाणे, भिवंडी, कल्याण जैसे इलाकों में मिलावटी दुग्धनिर्मित पदार्थों की बिक्री की जा रही है। यह मुद्दा विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने उठाया। इस पर अन्न व औषधि मंत्री संजय राठोड़ ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर पूरे राज्य में मिलावटखोरों के खिलाफ जांच अभियान चलाने की घोषणा की है। नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा कि गुजरात से बड़े पैमाने पर दूध, मावा, पनीर, छाछ जैसे दुग्धनिर्मित पदार्थ आ रहे हैं। मुंबई व उपनगरों में इनकी बिक्री हो रही है। कुछ सदस्यों ने आरोप लगाया कि गुजरात का अमूल दूध व उसके प्रोडक्ट की बिक्री राज्य में बढ़ गई है, जबकि महाराष्ट्र की कंपनियां पीछे हो गई हैं। इस बीच राकांपा के शशिकांत शिंदे ने सवाल उठाया कि चावल, गेहूं, दाल, तेल सहित अन्य खाद्य पदार्थों में धड़ल्ले से मिलावट की जा रही है। सुरेश धस व अन्य सदस्यों ने राज्य में दूध और शराब में मिलावट का मुद्दा ध्यानाकर्षण सूचना के तहत उठाया था। ऐसे हैरान करने वाले मामले भी सामने आए हैं, जिसमें प्रतिदिन एक हजार लीटर दूध की आपूर्ति करनेवाले की जांच की गई तो उसके घर केवल दो बैल पाए गए। मिलावटखोरों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस पर एफडीए मंत्री राठोड़ ने कहा कि प्रचलित अन्न सुरक्षा व मानक अधिनियम २००६ की धारा ५९ और भारतीय दंड संहिता की धारा २७२ व २७३ के तहत मिलावट खोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। अधिनियम में दोषियों के खिलाफ ६ महीने से लेकर आजीवन कारावास की सजा और १० लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार करने का अधिकार प्रशासन को नहीं है। धारा २७२ व २७३ के तहत पुलिस कार्रवाई कर सकती है।

गणगौर महोत्सव हर्षउल्लास के साथ हुआ संपन्न

जेकेएस संवाददाता

भायंदर : राजस्थानी जन-जागरण सेवा संस्था द्वारा २३ मार्च को गणगौर उत्सव का विशेष आयोजन किया गया। साथ ही भायंदर-पश्चिम स्थित माहेश्वरी भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा ईसर-गौरां की शोभायात्रा भी निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम में ईसर-गौरां की पूजा के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा भी आयोजित की गई, जिसके प्रतियोगियों को पारितोषिक वितरित किया गया। साथ में बेस्ट ड्रेस एवं पांच अन्य विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सचिव ओम प्रकाश कावड़िया, संस्था के उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, विट्ठल नवंधर, मनमोहन मिश्रा, मनमोहन सराफ, मनोज खेमका, ओमप्रकाश महर्षि, प्रेम बोहरा आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष नटवर डागा, कोषाध्यक्ष नारायण तोषनीवाल, ओम प्रकाश झाझूका एवं संजय चूड़ीवाला की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नृत्य-पायल मिश्रा, द्वितीय स्थान-मोनिका जैन, तृतीय स्थान-रेखा सोनी, ग्रुप डांस में प्रथम स्थान-मोनिका सोनी और पूजा शर्मा, द्वितीय स्थान-पिंकी शेखावत एवं पायल पुरोहित, तृतीय स्थान-नीता एवं मोनिका, बालिका नृत्य-प्रथम स्थान, विधि पचलंगिया, द्वितीय स्थान-गुंजन शर्मा ने प्राप्त किया।

गौर महोत्सव
विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम
सोलह श्रृंगार प्रति
री जाऊं बैंड (AKG)
अशोक गेहलोत

मीरा भायंदर में राहुल गांधी को लेकर भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

जाहिर निषेध! जाहिर निषेध! जाहिर निषेध!
राहुल गांधी
राहुल गांधी माफी मांगो, माफी मांगो

जेकेएस संवाददाता

भायंदर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री के सरनेम पर की गयी अभद्र टिप्पणी को लेकर अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई है। उसके बावजूद राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता ओबीसी समाज से माफ़ी मांगने के बजाय अदालत और संविधान का अपमान कर रहे हैं। राहुल गांधी को देश के ओबीसी समाज से माफी मांगनी चाहिए और न्यायालय का सम्मान करना चाहिए। मीरा भायंदर भाजपा द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए जिलाध्यक्ष एडवोकेट रवि व्यास ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी की इस परिवारशाही और सामंतवादी विचार धारा का हम सभी विरोध करते हैं। एड रवि व्यास के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में, बीजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी विरोधी नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में ओबीसी समाज के अपमान को लेकर राहुल गांधी के प्रति विरोध जताया।

श्री मीरा-भाईंदर दिगंबर जैन युवा फाउंडेशन की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन भाईंदर (पश्चिम) में किया गया। संस्था के अध्यक्ष निरंजन बोहरा ने बताया कि यह १७वां रक्तदान शिविर था। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता कार्यक्रम के अतिथि थे। अध्यक्ष के अलावा, सचिव अभिनंदन जैन, प्रीति जैन, भागचंद जैन, अभिषेक जैन, विजय जैन, पंकज जैन आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर मीरा-भाईंदर के अलावा बोरीवली, मालाड, सांताक्रुज से भी लोग रक्तदान करने आए थे।

भाईंदर के माहेश्वरी मंडल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि आरपीएफ आईजी अजय सादानी थे। संस्था के अध्यक्ष नटवर डागा ने बताया कि कार्यक्रम की थीम बॉलिवुड व रॉलीवुड (राजस्थानी सिनेमा) थी। उद्योगपति शशिकांत बिहानी अध्यक्ष के रूप में मौजूद थे। इनके अलावा, विधायक गीता जैन, बीजेपी जिलाध्यक्ष रवि व्यास, बीजेपी कोषाध्यक्ष सुरेश खंडेलवाल भी मौजूद थे। नारायण तोषनीवाल, हरिप्रसाद असावा और मंजू मालपानी का विशेष सहयोग रहा।

लोन दिलाने के आश्वासन पर झा ने गवांई अपनी जान

जेकेएस संवाददाता

CRIME BRANCH
VIRAR UNIT - 3

भाईंदर : मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस ने उत्तराखंड के बागेश्वर जिले से दो भाइयों को गिरफ्तार कर १५ साल पुराने हत्या के मामले को सुलझाने का दावा किया है। १३ दिसंबर, २००७ की सुबह, वसई के मानिकपुर पुलिस थाने की सीमा की हद्द में, मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक व्यक्ति का शव मिला, जिस पर चाकू के ३०-३५ घाव थे। बाद में उनकी पहचान संजय विनोद झा (३२) के रूप में हुई, जो एक कपडा कारखाने के उत्पादन प्रबंधक के रूप में काम करता था। मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक प्रमोद बदाख ने कहा कि ठाणे ग्रामीण से आयुक्तालय बनने के बाद बंद पड़ी पुरानी फाइलों को खोला जा रहा है। इसके तहत एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस तकनीकी और खुफिया जानकारी एकत्र कर रही है। इसी मुहीम में हम १५ साल पुराने एक केस में इन दोनों भाइयों पर हमारी सुई जा कर अटक गयी। बदाख ने बताया कि दोनों संदिग्धों पूरनसिंह प्रतापसिंह उन्योनी उर्फ पूरनसिंह कपूरसिंह परिहार (४१) और मोहनसिंह प्रतापसिंह उनयोनी उर्फ मोहनसिंह कपूरसिंह परिहार (३८) को २० मार्च को उत्तराखंड के बागेश्वर से गिरफ्तार किया गया था। सख्ती से पूछताछ के दौरान भाइयों ने क्राइम ब्रांच यूनिट ३ को बताया कि उन्होंने झा की हत्या पैसे के विवाद को लेकर की थी। उन्होंने कहा कि पिछले १५ सालों में वे गिरफ्तारी से बचने के लिए कभी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी रहे। झा की हत्या करने के बाद, हत्यारे एक अज्ञात स्थान पर भाग गए थे और वे हाचिबीचमनी थे। हाल ही में हमें पता चला था कि हत्यारे अक्सर उत्तराखंड में अपने गांव आते जाते रहते हैं। इनपुट्स के आधार पर हमारी टीम ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों की मदद से उन्हें गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो और आरोपी वांटेड हैं। चार लोगों ने झा की हत्या कर दी थी क्योंकि मृतक ने उन्हें लोन दिलाने में मदद करने का वादा किया था। कर्ज न मिलने पर हत्यारों ने २००७ में योजना बनाई, १२ दिसंबर की शाम को झा को बुलाया और साथ में शराब पी। ड्रिंक पार्टी के दौरान, उनके बीच गरमागरम बहस हुई और उन्होंने कथित तौर पर झा का गला घोंट दिया और एक पत्थर से उसके चेहरे को कुचल दिया और शव को मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग के पास फेंक कर फरार हो गए थे। झा के भाई ने दूसरे दिन ही कनकिया मीरा रोड पुलिस स्टेशन में मिसिंग कंप्लेंट लिखाई थी। उसी दिन मानिकपुर पुलिस स्टेशन की हद्द में शव बरामद हुआ था।

तेंदुआ का कोहराम थमा, पिंजरे में कैद ग्रामीणों को मिली भय से मुक्ति

भाईंदर : भायंदर-पश्चिम उत्तन, डोंगरी के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले ७-८ माह से विचरण कर लोगों में भय का वातावरण फैलानेवाला तेंदुआ आखिर गुरुवार देर रात को पिंजरे में वैंद हो गया। डोंगरी के पालखाड़ी गांव के स्थानीय किसानों ने फसल को नुकसान पहुंचाने वाले जंगली सूअर को पकड़ने के लिए पिंजरे का ट्रैप (जाल) बिछाया था। संयोग से इस पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। शुक्रवार की सुबह पिंजरे में कैद तेंदुए को देखकर लोगों के होश उड़ गए। स्थानीय रहिवासी प्रौडा मोराइस ने इसकी सूचना मीरा-भायंदर मनपा के अग्निशमन अधिकारी को दी। अग्निशमन दल के जगदीश पाटील दमकलकर्मियों के साथ वहां पहुंचे और इसकी सूचना संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के वन अधिकारियों को दी। सुबह ११ बजे के करीब वन अधिकारी विजय बराबदे तथा प्राणी चिकित्सक निखिल बांगर अपने दल के साथ वहां पहुंचे और अपने साथ लाए पिंजरे में तेंदुए को स्थानांतरित कर संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में ले गए। इसके बाद स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली।

शव दहन की धुएं से जनता परेशान, एग्जॉस्ट मशीन लगाने का आश्वासन

भायंदर : मुंबई से सटे मीरा-भायंदर शहर की कुल आबादी लगभग १२ से १३ लाख के आस-पास है। इतनी आबादी पर पूरे मीरा-भायंदर मनपा की हद में कुल १६ श्मशान भूमि हैं। इन १६ श्मशान भूमि में से दो चार को छोड़ दें तो बाकी की स्थिति काफी दयनीय है। बता दें कि मीरा-भायंदर में कुल १६ श्मशान भूमि में सिर्फ ४ जगहों पर गैस भट्टी द्वारा शव दहन किया जाता है, बाकी जगहों पर लकड़ी द्वारा शवदाह किया जाता है। इनमें से कुछ श्मशान भूमि जैसे भायंदर (प) व भायंदर (पूर्व) के विमल डेयरी रोड, घोड़देव, पेंकरपाड़ा स्थित, श्मशान भूमि सघन आबादी वाले परिसरों में स्थित हैं। इन परिसरों में लकड़ी से शव दहन किया जाता है, जिसके कारण आस-पास के परिसरों में धुआं फैल जाता है। श्मशान भूमि से उठने वाले धुएं से लोग खासे परेशान रहते हैं। शव दहन के समय फैलने वाले धुएं से आस-पास के रहिवासियों को सांस लेने की तकलीफ तथा दम घुटने की शिकायतें देखी जाती हैं। भायंदर (प) के श्मशान भूमि में शव दहन के समय इसी प्रकार की समस्या का सामना करनेवाले एक स्थानीय रहिवासी राजन भोसले ने इसकी शिकायत मनपा के शहर अभियंता से की है। इस मामले में मनपा विद्युत अभियंता प्रशांत जानकर ने बताया कि घनी आबादी वाले परिसरों में जल्दी ही एयर एग्जॉस्ट मशीन लगाई जाएगी, जिससे लोगों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी।

शहीदों को दी श्रद्धांजली आम आदमी पार्टी ने

जेकेएस संवाददाता

23 मार्च शहीद दिवस
मैं भी भगतसिंग

भायंदर। आम आदमी पार्टी, मीरा भायंदर द्वारा आज मीरा रोड स्टेशन पर शहीद दिवस मनाया गया और आजादी के लडाई में शहीद हुए अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की शहादत को सलाम करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सुखदेव बनबनसी, लीगल सेल अध्यक्ष एडवोकेट रघुनाथ कुशवाहा, उपाध्यक्ष दुर्गेश पाल, संजीव अग्रवाल , वेद प्रकाश सिंह, डॉक्टर भास्कर, रोहित चौहान, इर्विन डिमेलो, मनोज यादव और मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, नीलम आर्नोल, सोनी तिवारी, मधु सिन्हा, अशोक ठाकुर फेरीवाला यूनिट रफीक खान और सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

समाजसेविका
आशा कोहले
को जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाए
३० मार्च

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI